

गणित ओलंपियाड और क्विज के विजेता को सम्मानित करते प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम बिरकर और प्रो. केसी सिन्हा ● सौ. संस्था

# गणित ओलंपियाड और क्विज के विजेता किए गए सम्मानित

**मेधा का सम्मान**

152 छात्र एवं 152 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए किया गया,

सफलता को कठिन श्रम जरूरी

जागरण संवाददाता, पटना : बिहार दिवस पर गांधी मैदान में आयोजित गणितीय ओलंपियाड एवं क्विज प्रतियोगिता में अंतिम दिन विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जिला स्तर से चयनित अभ्यर्थियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके तहत कुल 152 छात्र एवं 152 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए किया गया। परिणाम के अनुसार राज्य स्तर पर गणितीय ओलंपियाड से 10 छात्र-छात्राओं एवं क्विज प्रतियोगिता परीक्षा से 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। कक्षा छह से आठ में प्रथम स्थान सिद्धार्थ एवं नव्या द्वितीय स्थान, शुभम पटेल एवं सिमरन तथा तृतीय स्थान हर्ष एवं वर्षा प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा नौ से 12वीं तक में प्रथम स्थान मयंक, निधि द्वितीय स्थान अक्षत प्रति एवं तृतीय स्थान आदित्य व मीनू ने प्राप्त किया।

प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम बिरकर ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण अत्यंत आवश्यक है।

इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व कुलपति प्रो. केसी सिन्हा ने कहा कि ज्ञान की ऐतिहासिक नगरी पाटलिपुत्र में इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन छात्रों की सोचने, समझने एवं सीखने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनके बौद्धिक विकास को नई दिशा मिलती है। सचिव डा. विजय कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण एवं चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्विज प्रतियोगिता का सफल संचालन हरिदास शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे।

परीक्षा समाप्त हो गया है. पीजी स्तरीय पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का रिजल्ट एक सप्ताह में जारी कर दिया जायेगा. केवल यूजी सेमेस्टर तीन की परीक्षा होना बाकी है, जिसकी परीक्षा दो अप्रैल शुरू होगी.

प्र. ख. २०२१ – २४/३/२०२१

# छठी से आठवीं कक्षा के ग्रुप में सिद्धार्थ व नव्या रहे प्रथम

**गणित ओलिंपियाड**

**संवाददाता, पटना**

बिहार दिवस पर गांधी मैदान में आयोजित गणितीय ओलिंपियाड व क्विज प्रतियोगिता में अंतिम दिन विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया. जिला स्तर से चयनित अभ्यर्थियों के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टिफिकेट और देकर सम्मानित किया गया. इसके तहत कुल 152 छात्र और 152 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा के लिए चयन किया गया. परिणाम के अनुसार राज्य स्तर पर गणितीय ओलिंपियाड से 10 छात्र-छात्राओं व क्विज से 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया. कक्षा छह से आठवीं तक में पहले स्थान पर सिद्धार्थ व नव्या, दूसरे स्थान पर शुभम पटेल व सिमरन, तीसरे स्थान पर हर्ष व वर्षा रहे. इसी प्रकार कक्षा नौ से 12 तक में पहले स्थान पर मयंक व निधि, दूसरे स्थान पर अक्षत प्रति व तीसरे स्थान पर आदित्य व मीनू रहे. प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम बिरकर ने विजेताओं को सम्मानित किया. इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष व पूर्व कुलपति प्रो केसी सिन्हा ने कहा कि ज्ञान की ऐतिहासिक नगरी पाटलिपुत्र में इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन छात्रों को सोचने, समझने और सीखने का उत्कृष्ट अवसर देते हैं, जिससे उनके बौद्धिक विकास को नयी दिशा मिलती है.

## कॉलेज ऑफ कॉमर्स

## मगध महिला कॉलेज में

# टैलेंट सर्च टेस्ट : गणित में विज्ञान से अधिक प्रतिभागी

**पंजीयन की तिथि हुई समाप्त, 1.36 लाख विद्यार्थियों ने किया आवेदन**

पटना, कार्यालय संवाददाता। द इंडियन मैथमेटिक एंड साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण संपन्न हो गया है। इस बार गणित विषय ने विज्ञान को पीछे छोड़ दिया है। गणित में 71,261 जबकि विज्ञान में 65,184 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

कुल मिलाकर इस प्रतियोगिता के लिए देश भर से 1,36,445 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष गणित विषय में विज्ञान की तुलना में 6,077 अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो दर्शाता है कि विद्यार्थियों का रुझान गणित की ओर अधिक बढ़ रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया गया। बिहार 36,190 आवेदनों के साथ शीर्ष पर रहा। संगठन के अध्यक्ष एवं एनओयू के पूर्व कुलपति प्रोफेसर के.सी. सिन्हा ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना है।

गांधी मैदान के पास प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प ● जागरण

छात्र
धरना

पथ लेने
छात्र संघ
वार को
निधिमंडल
कोषाध्यक्ष
निर्वाचित
पति ने
र दिया।
कक्ष के
ने वंचित
वल नाम
त्रों की
वाज है।
त शपथ
भवन में
सचिव
त्र संघ
जनादेश
अधिकारों
कार का

# मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता में 1,36,445 विद्यार्थी होंगे शामिल

जासं, पटना : द इंडियन मैथमेटिक एंड साइंस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित होने वाली आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आनलाइन पंजीकरण समाप्त हो गया। संगठन के सचिव डा. विजय कुमार ने बताया कि इस परीक्षा के लिए देश भर से कुल 1,36,445 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से गणित विषय में 71,261 एवं विज्ञान विषय में 65,184 विद्यार्थियों ने आनलाइन पंजीकरण किया। प्रतियोगिता परीक्षा दो स्तरों में आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष प्रो. केसी सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना है। जानकारी वेबसाइट www.imsaindia.org पर अपलोड है।

## राज्यवार प्राप्त आवेदनों का विवरण इस प्रकार है

| | |
|---|---|
| बिहार | 36,190 |
| उत्तर प्रदेश | 14,639 |
| महाराष्ट्र | 10,538 |
| हरियाणा | 7,966 |
| दिल्ली | 7,200 |
| झारखंड | 6,187 |
| उड़ीसा | 5,177 |
| तमिलनाडु | 5,010 |
| पश्चिम बंगाल | 4,977 |
| तेलंगाना | 4,799 |

की छात्रा कनक ने प्रसिद्ध लेखक तोशिकाज़ु कावागुची के उपन्यास बीफोर द कॉफी गेट्स कोल्ड पर अपनी समीक्षा प्रस्तुत की.

# मैथ्स एंड साइंस प्रतियोगिता परीक्षा में देश भर से 1,36,445 विद्यार्थी होंगे शामिल

पटना. द इंडियन मैथमेटिक एंड साइंस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आनलाइन पंजीकरण समाप्त हो गया. संगठन के सचिव डॉ विजय कुमार ने बताया कि इस परीक्षा के लिए देश भर से कुल 1,36,445 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से गणित विषय में 71,261 एवं विज्ञान विषय में 65,184 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया. इस प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया गया. यह प्रतियोगिता परीक्षा दो स्तरों में आयोजित की जायेगी. प्रथम स्तर कक्षा छह से 12वीं के विद्यार्थी और दूसरा स्तर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित होगी.

# गणित के ट्रिक को समझेंगे तो जीवन होगी सरल

गांधी मैदान में शिक्षा विभाग और 'द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन' द्वारा मैथ्स ओलंपियाड, क्विज और पॉपुलर लेक्चर का आयोजन किया गया. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए प्रतिभा निखारने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं को जरूरी बताया. पूर्व डीजीपी अभयानंद ने विद्यार्थियों को गणित के माध्यम से सीखने व जीवन में आगे बढ़ने के महत्वपूर्ण अवसरों के बारे में प्रेरित किया. उन्होंने गणित को केवल एक विषय नहीं, बल्कि सोचने और समस्याओं को हल करने की एक महत्वपूर्ण कला के रूप में प्रस्तुत किया. प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 12वीं के 304 छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया, जिसमें 152 छात्र एवं 152 छात्राएं सम्मिलित थीं. यह कार्यक्रम 23 और 24 मार्च को भी जारी रहेगा.